901 **801(AB)**

**2019**

# हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

   i) रामविलास शर्मा कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं ।

   ii) रांगेय राघव ख्याति प्राप्त आलोचक हैं ।

   iii) 'मेरी लद्दाख यात्रा' के लेखक रामचन्द्र शुक्ल हैं ।

   iv) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' 'आत्मकथा' विधा की रचना है ।

XVVII812

[ Turn over

Scanned with CamScanner

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के रचनाकार का नाम लिखिए : 1

i) 'सज्जन'

ii) 'बिखरे पन्ने'

iii) 'रेती के फूल'

iv) 'अनन्त प्रकाश' ।

ग) 'वाणभट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है ? 1

घ) किसी एक संस्करण लेखक का नाम लिखिए । 1

ङ) किसी एक प्रसिद्ध एकांकीकार का नामोल्लेख कीजिए । 1

2. क) रीतिवद्ध कवियों में से किन्हीं **दो** का नामोल्लेख कीजिए । 2

ख) छायावादी काव्यधारा की **दो** प्रवृत्तियों के नाम लिखिए । 1 + 1

ग) निम्नलिखित रचनाओं में से किसी एक रचना के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) 'वैराग्य संदीपनी'

ii) 'प्रेम वाटिका'

iii) 'ग्राम्य गीत'

iv) 'मुकुल' ।

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) उनके लिए न तो बड़े-बड़े वीर अद्भुत कार्य कर गए हैं और न बड़े-बड़े ग्रन्थकार ऐसे विचार छोड़ गए हैं, जिनसे मनुष्य जाति के हृदय में सात्विकता की उमंगें उठती हैं । उनके लिए फूल पत्तियों में कोई सौन्दर्य नहीं, झरनों के कल-कल में मधुर संगीत नहीं, अनन्त सागर-तरंगों में गंभीर रहस्यों का आभास नहीं, उनके भाग्य में सच्चे प्रयत्न और पुरुषार्थ का आनन्द नहीं, उनके भाग्य में सच्ची प्रीति का सुख और कोमल हृदय की शान्ति नहीं । जिनकी आत्मा अपने इन्द्रिय-विषयों में ही लिप्त है; जिनका हृदय नीचाशयों और कुत्सित विचारों से कलुषित है, ऐसे नाशोन्मुख प्राणियों को दिन-दिन अन्धकार में पतित होते देख कौन ऐसा होगा जो तरस न खाएगा ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) लेखक किस व्यक्ति पर तरस खाने की बात कह रहा है ?

ख) मैं तो यही समझता हूँ कि यदि हमें अपने समाज और देश में उन सब अन्यायों और अत्याचारों की पुनरावृत्ति नहीं करनी है, जिनके द्वारा आज के सारे संघर्ष उत्पन्न होते हैं, तो हमें अपनी ऐतिहासिक, नैतिक चेतना या संस्कृति के आधार पर ही अपनी आर्थिक व्यवस्था बनानी चाहिए, अर्थात् उसके पीछे लाभ और भोग की भावना प्रधान न होकर वैयक्तिक त्याग और सामाजिक कल्याण को भावना प्रधान होनी चाहिए । हमारे प्रत्येक देशवासी को अपने सारे आर्थिक व्यापार इसी भावना से प्रेरित होकर करने चाहिए । वैयक्तिक स्वार्थों एवं स्वत्वों पर जोर न देकर वैयक्तिक कर्तव्य और सेवा निष्ठा पर जोर देना चाहिए और प्रत्येक कार्यवाही इसी तराजू पर तौली जानी चाहिए ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) किसी एक रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) अन्यायों एवं अत्याचारों को रोकने का उपाय क्या है ?

Scanned with CamScanner

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य सौन्दर्य भी स्पष्ट कीजिए :

1 + 4 + 1

क) बैठो माता के आँगन में, नाता भाई-बहन का
समझे उसकी प्रसव वेदना वही लाल है माई का
एक साथ मिल बाँट लो अपना हर्ष विषाद यहाँ है
सबका शिव कल्याण यहाँ है पावें सभी प्रसाद यहाँ
मिला सेव्य का हमें पुजारी, सकल काम उस न्यायी का
मुक्ति लाभ कर्त्तव्य यहाँ है एक-एक अनुयायी का
कोटि-कोटि कंठों से मिलकर, उठे एक जयनाद यहाँ
सबका शिव कल्याण यहाँ है, पावें सभी प्रसाद यहाँ ।

ख) निरगुन कौन देश कौ बासी ?
मधुकर कहि समुझाइ सौंह दै, बूझति साँच न हाँसी ।।
को है जनक, कौन है जननी, कौन नारि, को दासी ?
कैसे बरन, भेष है कैसो, किहिं रस को अभिषाषी ?
पावैगो पुनि कियो आपनौ, जो रे करैगो गाँसी ।
सुनत मौन है रह्यौ बावरौ, सूर सबै मति नासी ।।


Scanned with CamScanner

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) जय प्रकाश भारती

ii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

iii) रामधारी सिंह 'दिनकर' ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) तुलसीदास

ii) श्याम नारायण पाण्डेय

iii) सुमित्रानन्दन पंत ।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

भारतीया संस्कृतिः तु सर्वेषां मतावलम्बिनां सङ्गमस्थली। काले-काले विविधाः विचाराः भारतीय-संस्कृतौ समाहिताः । एषा संस्कृतिः सामयिकी संस्कृतिः यस्याः विकासे विविधानाम् जातीनां, सम्प्रदायानां विश्वासानाञ्च योगदानं दृश्यते । अतएव अस्माकं भारतीयानाम् एका संस्कृतिः एका च राष्ट्रीयता ।

**अथवा**

न वै ताडनात् तापनाद् वह्निमध्ये ।
न वै विक्रयात् क्लिश्यमानोऽहमस्मि
सुवर्णस्य मे मुख्यदुःख तदेकं
यतो मां जनाः गुञ्जया तोलयन्ति ।।

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

i) वाराणसी नगरी कस्याः कूले स्थिता ?

ii) पुरुराजः केन सह युद्धं अकरोत् ?

iii) प्रति कशाघात पश्चात् चन्द्रशेखरः किम् अकथयत ?

iv) तृणैः कः वर्धते ?

v) भूमेः गुरुतरं किम् अस्ति

8. क) 'करुण' **अथवा** 'हास्य' रस की परिभाषा सोदाहरण लिखिए । 2

ख) 'रूपक' **अथवा** 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण सहित उदाहरण लिखिए । 2

ग) 'सोरठा' **अथवा** 'रोला' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2



Scanned with CamScanner

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं तीन के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) अधि

ii) अप

iii) अनु

iv) उप

v) निर्

vi) अभि ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

i) त्व

ii) ता

iii) पन

iv) वा

v) वट ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 1 + 1

i) नवरत्न

ii) हानि-लाभ

iii) विषधर

iv) स्वर्णकलश ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) कन्धा

ii) दरसन

iii) कोख

iv) मानुस ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) गाय

ii) रात्रि

iii) बादल

iv) अग्नि

v) वायु ।

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) छात्राज्ञा

ii) महौजः

iii) तथैव

iv) प्रत्येकम् ।

ख) निम्नलिखित शब्दों के तृतीया विभक्ति, बहुवचन के रूप लिखिए : 1 + 1

i) 'मति' **अथवा** 'फल'

ii) 'नदी' **अथवा** तद् (वह) पुल्लिंग ।



Scanned with CamScanner

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) अहसम्

ii) द्रक्ष्यावः

iii) पचेयम् ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) वृक्ष से फल गिरते हैं ।

ii) हमें विद्यालय जाना चाहिए ।

iii) सिकन्दर कौन था ?

iv) लड़के लखनऊ जायँगे ।

v) हम भारत के नागरिक हैं ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) देशाटन से लाभ

ii) जनसंख्या वृद्धि एक राष्ट्रीय समस्या है

iii) स्वास्थ्य-शिक्षा की उपयोगिता

iv) वन महोत्सव

v) 'सठ सुधरहिं सत्संगति पाई' ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : 3

क) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाष चन्द्र बोस का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ख) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के चिन्ता सर्ग की कथा लिखिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्रांकन कीजिए ।

ग) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

घ) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण का चरित्रांकन कीजिए ।

ङ) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।



Scanned with CamScanner

च) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

छ) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र का चरित्रांकन कीजिए ।

ज) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के मख विध्वंस और मेघनाद वध सर्ग की कथा लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मण के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

झ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाष चन्द्र बोस का चरित्रांकन कीजिए ।



Scanned with CamScanner